

मुंबई। महाराष्ट्र के बाढ़ पीड़ित किसानों की मदद के लिए नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नरेडको) ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 3.12 करोड़ रुपए जमा कराए हैं। इसमें 1 करोड़ नरेडको के पुणे के सदस्यों और बाकी 2.12 करोड़ रुपए मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के नरेडको सदस्यों ने दिए हैं। नरेडको (महाराष्ट्र) के अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने संस्था के अन्य पदाधिकारियों के साथ उक्त राशि का चेक मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को प्रदान किया।

दैनिक भास्कर
BhaskarHindi.com
Thu, 30 October 2025
https://epaper.bhaskarhindi.com/